**दिनांक 02.02.2024 को कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना, की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र, बरौनी में क्लस्टर कार्यालय (पूर्व शाखा कार्यालय) के प्रथम तल पर सभा कक्ष के निर्माण कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

---

**सदस्य उपस्थित :–**

I. कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बियाडा पटना।
II. उप– महाप्रबंधक, तकनीकी (साउथ), बियाडा पटना।
III. उप– महाप्रबंधक, तकनीकी (नॉर्थ), बियाडा पटना।
IV. उप– महाप्रबंधक, वित्त, बियाडा पटना।
V. प्रबंधक, तकनीकी, बियाडा, पटना।

1. योजना का नाम : औद्योगिक क्षेत्र, बरौनी में क्लस्टर कार्यालय (पूर्व शाखा कार्यालय) के प्रथम तल पर सभा कक्ष के निर्माण कार्य
2. योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि : रु0 75,51,000.00 मात्र
3. योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि : रु0 73,80,091.00 मात्र
4. परिमाण विपत्र की कुल राशि : रु0 75,51,000.00 मात्र
5. निविदा सूचना संख्या : 18/BIADA/2023-2024
6. निविदा आमंत्रण की तिथि : 19.12.2023
7. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : 03.01.2024
8. तकनीकी बीड खोलने की तिथि : 04.01.2024
9. निविदा प्रसारण का माध्यम : ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र
10. प्रकाशन का पी0आर0 सं0 : 013819 (Ni.Ni) 2023-24
11. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता का नाम एवं पता :–
    (1) Maharani Construction, Mokama, Shankarbar Tola, Mokama, Patna-803302
    (2) Amrit Vats, Vill- Bela Chapra, PO- MIC Bela, Muzaffarpur, Bihar
    (3) Ravi Bhushan Kumar, Mushalallahpur Nathun Lane, Patna-800006
    (4) Agni Kumar Singh, Sarvoday Nagar, Ward No-40, Mirzapur Bandwar, Begusarai

**निविदा समिति की कार्यवाही –**

औद्योगिक क्षेत्र, बरौनी में क्लस्टर कार्यालय (पूर्व शाखा कार्यालय) के प्रथम तल पर सभा कक्ष के निर्माण कार्य हेतु निविदा (आमंत्रण सूचना संख्या–15/BIADA/2023-24) आमंत्रित की गयी थी परन्तु उस निविदा में मात्र एक निविदादाता ने भाग लिया था जिसके कारण कार्य के संबंध में पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी।

पुनर्निविदा (NIT–18/BIADA/2023-24, दिनांक–19.12.2023) के माध्यम से की गई, जिसमें चार (04) निविदादाताओं ने भाग लिया। निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा सभी निविदादाताओं के तकनीकी बीड के अभिलेखों का जाँच किया गया। जाँच के क्रम में पाया गया कि दो निविदादाताओं यथाक्रमांक (1) Maharani Construction तथा (3) Ravi Bhushan Kumar द्वारा समान श्रेणी का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किया गया है एवं UDIN Portal पर इनका टर्नओवर डिटेल्स नहीं पाया गया। जिसके कारण इन दोनों निविदादाताओं को तकनीकी रूप से योग्य नहीं पाया गया।

जांचोपरांत निम्न तथ्य पाया गया –

1. **निविदादाता Maharani Construction:–**
   NIT,Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण नहीं करते हैं।
2. **निविदादाता Amrit Vats:-**
   NIT,Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करते हैं।
3. **निविदादाता Ravi Bhushan Kumar:-**
   NIT,Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण नहीं करते हैं।
4. निविदादाता Agni Kumar Singh:-
   NIT,Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करते हैं।

इस प्रकार इस निविदा में सम्मिलित 04 (चार) निविदादाताओं में से दो निविदादाताओं यथा क्रमांक– (2) Amrit Vats, Vill- Bela Chapra, PO- MIC Bela, Muzaffarpur, Bihar एवं (4) Agni Kumar Singh, Sarvoday Nagar, Ward No-40, Mirzapur Bandwar, Begusarai को तकनीकी बीड में Responsive पाया गया है तथा शेष दो निविदादाताओं यथा क्रमांक– (1) Maharani Construction, Mokama, Shankarbar Tola, Mokama, Patna-803302 एवं (3) Ravi Bhushan Kumar, Mushalallahpur Nathun Lane, Patna-800006 को तकनीकी बीड में Non-Responsive पाया गया है।

<u>निविदा समिति की निर्णय</u> –

उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में निविदा समिति सर्वसम्मति से तकनीकी बीड में Responsive निविदिदाताओं यथा क्रमांक (2) Amrit Vats, Vill- Bela Chapra, PO- MIC Bela, Muzaffarpur, Bihar एवं (4) Agni Kumar Singh, Sarvoday Nagar, Ward No-40, Mirzapur Bandwar, Begusarai को तकनीकी बीड में सफल मानती है।

साथ ही साथ उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में निविदा समिति सर्वसम्मति से तकनीकी बीड में Non-Responsive निविदिदाताओं यथा क्रमांक (1) Maharani Construction, Mokama, Shankarbar Tola, Mokama, Patna-803302 एवं (3) Ravi Bhushan Kumar, Mushalallahpur Nathun Lane, Patna-800006 को तकनीकी बीड में असफल मानती है।

निविदा समिति के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को प्राधिकार के वेबसाइट पर 03 दिनों के लिए अपलोड किया जाय। किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होने पर निविदा समिति बैठक कर आपत्ति का निस्तार करेगी, किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर निविदा पर अग्रेतर कार्रवाई करने की अनुशंसा करती है।

| | | |
|---|---|---|
| 02.02.24<br>**प्रबंधक, तकनीकी**<br>बियाडा, पटना | 02.02.24<br>**उप–महाप्रबंधक, वित्त**<br>बियाडा, पटना | 02.02.24<br>**उप–महाप्रबंधक, तकनीकी**<br>बियाडा, पटना |
| 02/02/2024<br>**उप–महाप्रबंधक, तकनीकी**<br>बियाडा, पटना | | 02/02/24<br>**कार्यकारी निदेशक (परियोजना)**<br>बियाडा, पटना। |